रीट पेपर लीक गिरोह के प्रदीप पाराशर और रामकृपाल मीणा की संपत्ति कुर्क की ईडी ने

ईडी ने आरोपियों के बैंक अकाउंट से मिले करीब 11 लाख रुपए भी जब्त किए हैं

जयपुर (कासं)। राजस्थान में करीब 3 साल पहले हुए रीट पेपर लीक मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसओजी के कार्रवाई में पकड़े गए रीट पेपर लीक गिरोह के प्रदीप पाराशर और रामकृपाल मीणा के प्रॉपर्टी को ईडी ने कुर्क किया है। ईडी ने आरोपियों के बैंक अकाउंट से मिले करीब 11 लाख रुपए को जब्त किया है। इससे पहले करीब दो महीने पहले ही ईडी ने प्रदीप पाराशर की गिरफ्तारी की थी। इन दोनों के साथ जिन तीन लोगों को पेपर पढ़वाया गया था, उनके भी खातों से भी नकदी को जब्त किया है।

सूत्रों के मुताबिक राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने एक्शन लिया है। रीट पेपर लीक प्रकरण में पकड़े गए मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा और प्रदीप पाराशर के पास कुल करीब 26.59 लाख रुपए चल-अचल संपत्ति मिली है। ईडी की ओर से संपत्ति कुर्क का आदेश 28 अगस्त को जारी किया गया है। इसकी जानकारी एसओजी ने शुक्रवार को दी।

■ **ज्ञात रहे कि करीब दो महीने पहले ही ईडी ने प्रदीप पाराशर की गिरफ्तारी की थी। इन दोनों के साथ जिन तीन लोगों को पेपर पढ़वाया गया था, उनके भी खातों से भी नकदी जब्त की गई है।**

सूत्रों का कहना है कि रीट पेपर लीक के मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा और प्रदीप पाराशर के चार बैंक अकाउंट मिले है। चारों बैंक अकाउंट में जमा मिले 10 लाख 89 हजार 259 रुपए मिले है। इसके अलावा ईडी ने लीक पेपर पढ़ाने के बदले रवि कुमार मीणा को मिले 8.12 लाख रुपए, पृथ्वीराज को 4.10 लाख और रामकृपाल मीणा को मिले 1.80 लाख रुपए जब्त किए गए है। ये रकम भी ईडी ने कुर्क कर ली है।

एसओजी सूत्रों की मानें तो रीट पेपर लीक मामले में साल-2021 में गंगापुर सिटी थाने में प्रकरण दर्ज हुआ था। प्रकरण की जांच एसओजी की ओर से की जा रही है।एसओजी की ओर से कार्रवाई कर रीट पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी रामकृपाल मीणा और प्रदीप पाराशर सहित 131 आरोपियों को अरेस्ट किया जा चुका है। एसओजी की ओर से संगठित गैंग के लोगों के खिलाफ चौतरफा एक्शन लगातार जारी है।

बताया जा रहा है कि प्रदीप पाराशर को 2011 और 2012 में कांग्रेस सरकार में भी आरटेट में कोऑर्डिनेटर बनाया गया था। तब बोर्ड चेयरमैन मंत्री सुभाष गर्ग थे। प्रदीप पाराशर मंत्री सुभाष गर्ग और बोर्ड अध्यक्ष डीपी जारौली का करीबी दोस्त है। ऐसे में प्रदीप पाराशर को शिक्षा संकुल में कोऑर्डिनेटर बनाया गया था। उसके साथ ही चार अन्य कोऑर्डिनेटर भी थे।

इससे पूर्व एसओजी ने खुलासा किया था कि जयपुर शिक्षा संकुल के स्ट्रॉन्ग रूम से पेपर लीक हुआ था। इसी के बाद से राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रहे डीपी जारौली और उनके दोस्त प्रदीप पाराशर दोनों शक के घेरे में आए थे। एसओजी की जांच में खुलासा हुआ था कि पेपर 1.25 करोड़ रुपए में बेचा गया। पेपर स्ट्रॉन्ग रूम से निकालकर कोचिंग संचालकों और नकल गिरोह तक पहुंचाया गया। यह भी सामने आया कि जे-सीरीज का पेपर स्ट्रॉन्ग रूम से लीक किया गया और अलग-अलग सेंटर पर बांटा गया। जांच में ये भी सामने आया था कि पेपर जयपुर, जालोर, सिरोही, टोंक, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, दौसा, करौली सहित कई जगहों पर पहुंचाया गया। नकल गिरोह ने परीक्षा से पहले 50 सेंटर पर पेपर पहुंचाया।

एसआई भर्ती पेपर लीक मामले में 9 आरोपियों को जेल

जयपुर। एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में 9 आरोपियों को न्यायालय ने गुरुवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। एसओजी ने पूछताछ के बाद पिता, बेटी-बेटा सहित 9 को न्यायालय में पेश किया था। जिसके बाद न्यायालय ने आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राईका,ट्रेनी एसआई देवेश राईका,शोभा राईका, मंजू, अविनाश, ब्रिजेंद्र व रितु शर्मा,अनिल, अर्जुन को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। एसओजी ने आरपीएसी के पूर्व सदस्य रामूराम को पूछताछ के लिए 10 दिन के रिमांड पर लिया था। वहीं ट्रेनी एसआई देवेश राईका को 9 और बेटी शोभ को 9 दिन के रिमांड पर लिया था। पेपर लीक मामले में आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबू लाल कटारा को एसओजी ने तीन दिन के रिमांड पर लिया था। जिससे अभी पूछताछ जारी है। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसओजी ने सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले अब तक 42 ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुडे 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।कई ट्रेनी एसआई अब भी एसओजी की रडार पर है।

सार-समाचार

बीएसएनएल विजिलेंस विंग की कार्यशाला

जयपुर। केंद्रीय सतर्कता आयोग एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी बीएसएनएल नई दिल्ली के निर्देशानुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के संदर्भ में चलाये जा रहे अभियान के तहत भारत संचार निगम लिमिटेड राजस्थान परिमंडल द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए "बीएसएनएल आचरण नियम" पर एक कार्य शाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन करते हुए विक्रम मालवीय, मुख्य महा प्रबन्धक दूर संचार, राजस्थान परिमंडल ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमों का पालन करते हुये बीएसएनएल को लाभकारी बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने सभी लोगों से अपने जीवन में नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का भी आग्रह किया। कार्यशाला में दिनेश गर्ग महाप्रबंधक (सतर्कता) ने बीएसएनएल आचरण नियमों के बारे में विस्तार से बताया एवं प्रश्नों का जवाब दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बीएसएनएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

पिंक क्लब की बैठक में बीमारियों पर चर्चा

जयपुर। पिंक क्लब की मासिक मीटिंग में चाय पर चर्चा के दौरान सदस्यों ने होम्योपैथ, नाड़ी विशेषज्ञ, एस्ट्रोलोजर व वैदिक डायटीशियन डॉ. सुमन माहेश्वरी से शुगर से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। डॉ. सुमन ने कहा आप अपनी दिनचर्या में बदलाव लाकर स्वस्थ व सुंदर दिख सकते हैं। इसके लिए आपको घूमना, योगा और व्यायाम करना ही होगा। आजकल हम पढ़कर कुछ भी खाना और परहेज़ करने लगते हैं, जो कि नुक़सानदायक है। पहले हमें अपनी बीमारी को समझना होगा, फिर देखना होगा मौसम कैसा है, उसी के अनुरूप पथ्य लेना होगा। छेने के पानी को फैंकने के बजाय पी लें। अंकुरित दाना मेथी, मूँगफली, कद्दू, तरबूज़ के बीज अपने आहार में अवश्य शामिल करें। पिंक क्लब की अध्यक्ष सुषमा के.के.ने कहा अब महिलायें अपने लिए सजग हो गई हैं। डॉ. उषा गायत्री, गीता, अमिता, सुमित्रा, शीला, शशि, त्रिविधा, यशोधरा, उषा, दिव्या, लता, सुषमा, अलका और आभा ने भी अपने विचार रखे।

बालिग होते ही युवती ने घर छोड़ा

जयपुर। खोह नागोरियान थाना इलाके में बालिग होते ही एक युवती घर छोड़कर निकल गई। युवती परिजनों को मार्केट जाने का कहकर निकली और मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। परिवार ने सुबह उसे बर्थ-डे विश किया था। पुलिस ने परिजनों की ओर से दर्ज गुमशुदगी के बाद युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि खोह नागोरियान निवासी महिला ने शिकायत दी कि उनकी बेटी प्राइवेट कंपनी में जॉब करती थी। गत 11 सितम्बर को उनकी बेटी का 18वां जन्मदिन था। सुबह उठने पर परिवार ने बेटी को उसके 18वें जन्मदिन को विश किया। दोपहर करीब 12 बजे वह बैंक से रुपए निकलवाने जाने की कहकर निकली थी। बैंक से रुपए निकलवाने के बाद मार्केट कपड़े खरीदाने जाने के कहा था। दोपहर करीब 3 बजे तक वापस घर नहीं लौटने पर कॉल करने पर स्विच ऑफ मिला। काफी प्रयास के बाद भी मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों ने इधर-उधर तलाशा, लेकिन लापता बेटी का कहीं पता नहीं चला।

कृभको की 44वीं आमसभा आयोजित

जयपुर। कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) भारत की प्रमुख उर्वरक उत्पादक सहकारी समिति, ने वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए 334.12 करोड रु. का कर-पूर्व लाभ अर्जित किया। सोसायटी ने वर्ष के लिए अपनी इक्विटी पूंजी पर 20 प्रतिशत लाभांश घोषित किया है। 12 सितंबर 2024 को एनसीयूआई सभागार, नई दिल्ली में आयोजित वार्षिक आमसभा की बैठक के दौरान सोसायटी के वार्षिक खातों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. चंद्रपाल सिंह, अध्यक्ष कृभको ने निदेशक मंडल की उपस्थिति में की और इसमें देश भर के विभिन्न सदस्य सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

जयपुर। सांगानेर थाना इलाके में परिचित युवक ने घर में घुसकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर आरोपी ने मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी नाबालिग पीड़िता की मां ने मामला दर्ज करवाया कि नाबालिग बेटी के साथ परिचित युवक ने रेप का प्रयास किया है। आरोप है कि 10 सितम्बर को नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। इस दौरान घर में अकेला पाकर आरोपी ने जबरन घुसकर नाबालिग से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर डरा-धमकाकर रेप करने की कोशिश की। शोर मचाकर विरोध करने पर आरोपी पकड़े जाने के डर से भाग निकला। परिजनों के घर पहुंचने पर नाबालिग पीड़िता ने आपबीती सुनाई। सांगानेर थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टीपू खान फ्रांस में फहराएंगे भारतीय कला का परचम

हिंदी दिवस के मौके पर फ्रांस में गूंजेंगे जयपुर के सुर

जयपुर। फ्रांस के लिगुइल शहर में हिंदी दिवस पर आयोजित होने वाले परकशन (तालवाद्य) पर्क्यू फोलीज़ म्यूजिक फेस्टिवल में जयपुर के सुर गूजेंगे। मौका होगा, जयपुर बेस्ड इंटरनेशनल आर्टिस्ट टीपू खान की लोक-संस्कृति पर आधारित संगीतमय प्रस्तुति का। इस दौरान देश-विदेश के कलाकार जहां अपनी रिद्म बेस्ड परकशन की प्रस्तुतियां देंगे, वहीं टीपू खान तबले की तिरकिट-धिरकिट और राजस्थानी मांड को अपने सुरीले कंठों में सजाकर विदेशी पावणों को राजस्थान आने का न्यौता देंगे।

विश्व पटल पर संगीत के जरिए अमिट छाप छोड़ने वाले जयपुर के दिग्गज कलाकार टीपू ख़ान फ्रांस गवर्नमेंट की ओर से आयोजित फेस्टिवल में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका यह कार्यक्रम 14 सितंबर भारतीय समय अनुसार शाम 7 बजे से होगा। फेस्टिवल में टीपू खान गायन के

साथ तबला वादन और फ्यूजन संगीत का अनूठे अंदाज में प्रदर्शन करेंगे। फ्रांस की धरती पर उनके साथ में विदेशी कलाकार गिटार की धुनों पर जुगलबंदी पेशकर फ्यूजन संगीत के जरिए भारतीय संगीत का परचम लहराएंगे।

जयपुर के मशहूर संगीत के घरानेदार परिवार से ताल्लुक रखने वाले टीपू खान अपने संगीत के खानदानी परिवार की सातवीं पीढ़ी के कलाकारों में से एक है। उन्होंने मात्र छह साल की उम्र से ही संगीत सीखना शुरू किया था। उन्हें संगीत की तालीम विरासत में मिली है। उनके पहले गुरु दादा उस्ताद रसूल खां और पिता उस्ताद रफीक मोहम्मद है। टीपू खान ने पिछले 15 सालों में फ्रांस, इटली, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, बेल्जियम, हांगकांग, स्पेन, यूरोप सहित करीब 90 देशों में अपनी कला के झंडे गाड़े हैं। उन्होंने अपनी आठवीं पीढ़ी के रूप में बेटे सोहेल खान को भी संगीत की शिक्षा दी है, जो इन दिनों अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।

टीपू खान को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, फ्रांस के राष्ट्रपति के अलावा भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के समक्ष भी अपनी कला का प्रदर्शन करने का सौभाग्य मिल चुका है।

आमेर सागर से निकल कर मंदिर में पहुंचा मगरमच्छ

जयपुर। आमेर के सागर बांध से एक मगरमच्छ बाहर निकल कर पास में स्थित भैरव मंदिर में पहुंच गया। मंदिर के बाहर पार्किंग में खड़ी कार के नीचे मगरमच्छ देखकर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के मुंह पर बोरी डालकर उसे रेस्क्यू किया। जिसके बाद नाहरगढ़ स्थित बायोलॉजिकल पार्क में छोड़ दिया। आमेर सागर बांध से शुक्रवार को एक मगरमच्छ बाहर निकल कर हर्षनाथ भैरव मंदिर पहुंच गया। इसी दौरान कुत्ते उसके पीछे पड़ गए और मगरमच्छ मंदिर की पार्किंग में खड़ी कार के नीचे घुस गया। इसी दौरान मंदिर में भैरव जी के दर्शन करने पहुंचे ओम प्रकाश ने कार के पास कुत्तों को भौकते हुए देखा। इस पर ओम प्रकाश ने कार के नीचे झुक कर देखा तो मगरमच्छ बैठा हुआ दिखाई दिया। कुत्तों को भगाने के बाद मगरमच्छ मंदिर के चौक में पहुंच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के मुंह पर बोरी डालकर उसे काबू में किया व बायोलॉजिकल पार्क में छोड़ा।

250 से अधिक मनोचिकित्सक दो दिन जयपुर में करेंगे मंथन

राजस्थान साइकाइट्रिक समिति का 39वां वार्षिक अधिवेशन 14 व 15 सितंबर को

जयपुर (कासं)। राजस्थान साइकाइट्रिक समिति का 39वां वार्षिक अधिवेशन 14 व 15 सितंबर को होटल क्लार्क आमेर के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. मनस्वी गौतम ने बताया कि इस अधिवेशन में राजस्थान के 250 से अधिक मनोचिकित्सक भाग लेंगे। अधिवेशन में मुख्य रूप से मनोचिकित्सा में कृत्रिम बुद्धि के उपयोग, मनोचिकित्सा में कानूनी प्रक्रिया विषयों पर व्याख्यान होंगे तथा शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

राजस्थान साइकाइट्रिक समिति के अध्यक्ष डॉ. अखिलेश जैन ने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान 12 अवार्ड पेपर्स एवं वर्कशॉप आयोजित की जाएगी तथा विभिन्न विषयों पर आमंत्रित व्याख्यान होंगे। इस्टोनिया के प्रोफेसर डॉ. एडुआर्ड मारेन कृत्रिम बुद्धि की तकनीक का मनोचिकित्सा पर प्रभाव विषय पर व्याख्यान देंगे। इबहास दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. निमेष देसाई मानसिक स्वास्थ्य कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य तथा मनोचिकित्सा में इंश्योरेंस कंपनियों की भूमिका विषय पर व्याख्यान व परिचर्चा करेंगे। उदयपुर के डॉ. मनु शर्मा को इस वर्ष का डॉ. शिव गौतम ओरेशन अवार्ड प्रदान किया गया है।

अधिवेशन में 55 शोध पत्रों का व 30 शोध पोस्टर्स का भी आयोजन किया गया है। इसके अलावा तीन सत्रों में पैनल डिस्कशन आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन जयपुर की सांसद मंजू शर्मा करेगी, विशिष्ट अतिथि डॉ. करण सिंह यादव तथा वर्ष 2025 के लिए निर्वाचित अखिल भारतीय अध्यक्षा चंडीगढ़ की डॉ. सविता मल्होत्रा होंगे।

व्यापारियों ने कलेक्टर को बताई समस्याएं

जयपुर (कासं)। जयपुर व्यापार महासंघ के प्रतिनिधिमण्डल ने शुक्रवार सुबह कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी से शिष्टाचार मुलाकात कर उनका मान-सम्मान और अभिनन्दन किया।

जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामन्त्री सुरेश सैनी और कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया ने व्यापार से सम्बन्धित व्यापारियों की मुख्य समस्याओं शहर में ट्रैफिक, पार्किंग, महिलाओं की सुरक्षा और शौचालयों के निर्माण और समुचित रखरखाव, सीसीटीवी कैमरे और समुचित मॉनीटरिंग, सड़कों में बारिश के पानी से जल भराव, और आर्थिक विकास को गति प्रदान करने के लिए सुझावों से डॉ. सोनी को अवगत कराया।

यही नहीं अयोध्या में राममन्दिर के स्थापन अवसर पर जयपुर के रामनिवास गार्डन में हुए विशाल और भव्य रामलला के आयोजन और अमृत पर्यावरण महोत्सव के अन्तर्गत एक ही दिन और एक ही समय पर सर्वाधिक वृक्षारोपण करने पर दोनों ही कार्यक्रमों के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त किए जाने से भी अवगत कराया। कलेक्टर डॉ.सोनी ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि नवरात्रि और दिवाली को देखते हुये प्रशासन समस्याओं का त्वरित समाधान करेगा।

जयपुर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी का स्वागत किया।

■ **प्रतिनिधिमंडल ने यातायात दबाव, पार्किंग, महिला सुरक्षा व शौचालय निर्माण, सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा सड़कों पर जलभराव के मुद्दों पर चर्चा की**

जिनमें सबसे सड़क निर्माण व स्वच्छता पर जोर रहेगा। व्यापारियों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए अपने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के सामने कचरा ना फेंकने और सभी को डस्टबिन्स रखने का भरोसा दिया। इस मौके पर आतिश मार्केट व्यापार मंडल के अध्यक्ष भूपतराय कांटे वाला, किशनपोल बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष खूँटेटा, इंदिरा बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष कमल असवानी, सिंधी कैंप व्यापार मंडल के अध्यक्ष गजानन्द शर्मा, श्री गोपीनाथ व्यापार मंडल सेवा समिति महामन्त्री चन्द्र प्रकाश पारीक और सदस्य श्रीराम अग्रवाल, रेलवे स्टेशन व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता और महामंत्री विष्णु शर्मा, चांदपोल बाजार व्यापार मंडल के महामंत्री - घनश्याम भूतड़ा, लाल कोठी वाणिज्य मंडल समिति के महामन्त्री अशोक कुमार कुमावत और सदस्य योगेश कुमार प्रजापति, चौड़ा रास्ता व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सौभागमल अग्रवाल मौजूद थे।

हिंदी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित होंगे डॉ. राजेश व्यास

डॉ. व्यास को "कलाओं की अंतर्दृष्टि" पुस्तक पर राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा "हिंदी सेवी पुरस्कार"

जयपुर (कासं)। राजभवन में अतिरिक्त निदेशक (जनसंपर्क) डॉ. राजेश कुमार व्यास को उनकी पुस्तक कलाओं की अंतर्दृष्टि के लिए भाषा एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा राज्य स्तरीय समारोह में "हिंदी सेवी पुरस्कार" से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय साहित्य अकादमी अवार्ड से सम्मानित डा. व्यास देश के जाने माने कवि, निबंधकार कला आलोचक और यात्रा वृतांतकार हैं। उनकी साहित्य की विभिन्न विधाओं में अब तक 25 मौलिक कृतियां प्रकाशित हैं।

हिंदी सेवी पुरस्कार के लिए चयनित डॉ. व्यास की पुस्तक कलाओं की अंतर्दृष्टि" नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया द्वारा प्रकाशित है। यह कलाओं की मौलिक भारतीय चिंतन परंपरा की आधुनिक दृष्टि है। इसमें उन्होंने भारतीय कलाओं से जुड़ी परंपरा का गहन शोध

करते हुए अपनी मौलिक विचार दृष्टि में उसे व्याख्यायित किया है। डॉ. राजेश कुमार व्यास भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति और कलाओं के मौलिक चिंतक के रूप में जाने जाते हैं। दूरदर्शन ने उनके शोध और आलेख पर आधारित धारावाहिक "डेजर्ट कॉलिंग" बनाकर प्रसारित किया है। भारतीय लेखक प्रतिनिधि मंडल के अंतर्गत उन्होंने फ्रांस, जर्मनी, नेपाल आदि देशों की सांस्कृतिक यात्राएं की हैं।

उनके यात्रा वृतांत नर्मदे हर, कश्मीर से कन्याकुमारी तथा आँख भर उमंग भी बहुत चर्चित रहे हैं। केंद्रीय साहित्य अकादमी अवार्ड के अलावा उन्हें भारत सरकार का प्रतिष्ठित राहुल सांकृत्यायन अवार्ड, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र का कोमल कोठारी अवार्ड, राजस्थानी भाषा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का शिखर सम्मान और अन्य बहुत से पुरस्कार समय समय पर मिलते रहे हैं। केंद्रीय ललित कला अकादमी की पत्रिका "समकालीन कला", राजस्थान ललित कला अकादमी की पत्रिका "आकृति" के वह अतिथि संपादक और राजस्थान सरकार की मासिक पत्रिका "सुजस" के वह संपादक रहे हैं।

जेडीए आयुक्त ने आई.पी.डी. टावर और सैटेलाइट अस्पताल का निरीक्षण किया

जयपुर। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने शुक्रवार को सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में बन रहे आई.पी.डी. टावर और शिवदासपुरा में सेटेलाइट अस्पताल का मौका निरीक्षण किया। उन्होंने जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल और टोंक रोड पर सड़क मरम्मतीकरण के कार्यों का भी जायजा लिया।

जेडीए आयुक्त ने अधिकारियों से आईपीडी टॉवर व कॉर्डियो भवन की प्रगति के बारे में जानकारी ली। आईपीडी टॉवर के विभिन्न चिकित्सीय तलों के कार्य के लिए प्रस्तावित इस्तेमाल और कार्य में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली।

आनंदी ने इस प्रोजेक्ट को पूरा करने में आ रही बाधाओं, जिन पर निर्णय बाकी है, के बारे में पूछताछ की। उन्होंने तमाम विषयों को लेकर तत्काल कार्यवाही कर संबंधित से सम्पर्क करने के निर्देश दिए। जेडीए आयुक्त ने कहा कि कार्डियो भवन का कार्य अक्टूबर तक पूरा करें। इस

जेडीए आयुक्त आनंदी ने निर्माणाधीन आईपीडी टावर का निरीक्षण किया।

प्रोजेक्ट में काम ली जा रही निर्माण सामग्री गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए।

इसके बाद जेडीए आयुक्त ने बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कें जेएलएन मार्ग, जवाहर सर्किल व टोंक रोड पर चल रहे कोल्ड मिक्स से पेच रिपेयर कार्य का औचक निरीक्षण कर सड़कों को जल्द सुधारने के लिए कहा।

उन्होंने दीवाली और राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 को देखते हुए जयपुर की सभी सड़कों को तय समय पर सुधारने के निर्देश दिए। सांगानेर से हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 के सामने की सड़क की चौडाई बढ़ाने में आ रही कठिनाईयों व उनका शीघ्र निस्तारण करने के लिए कहा। ताकि टोंक रोड से महल रोड को जोडने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क को

■ **जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल और टोंक रोड पर सड़क मरम्मतीकरण के कार्य भी देखे**

शीघ्र पूर्ण किया जा सके।

जेडीसी ने शिवदासपुरा में रिंग रोड के पास निर्माणाधीन 50 बेड के सेटेलाईट अस्पताल का अवलोकन किया। अस्पताल में प्रस्तावित विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सेटेलाईट अस्पताल में अपर्याप्त ड्रेनेज से भवन निर्माण में हुई विलम्ब पर नाराजगी जताई। उन्होंने साफ कहा कि इस भवन व अन्य सभी आगामी भवनों में समुचित ड्रेनेज, वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर व भवन में आवश्यकतानुसार एस.टी.पी. निर्माण करवाया जाये। सेटेलाईट अस्पताल भवन में पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी की जाये।

महिला के गले से सोने की चेन तोड़ी

जयपुर। जवाहर सर्किल थाना इलाके में बाइक सवार तीन बदमाश एक महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। पुलिस के अनुसार अशोक विहार गिरधर मार्ग निवासी तेज कुमार जैन ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी टूव्हीलर से सेक्टर 10 जैन मंदिर गई थी। मंदिर के बाहर पहुंचने पर पीछे से बाइक पर सवार होकर तीन बदमाश आए और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गए। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गए। घटना 12 सितम्बर की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। इसी तरह बजाज नगर थाना इलाके में बाइक सवार दो बदमाश एक डॉक्टर से मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस के अनुसार महावीर नगर निवासी डॉ सुरेंद्र थालौर ने मामला दर्ज करवाया कि वह घर के बाहर टहल रहा था। तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीन ले गए।

महेन्द्र सोनी ने किया रामनगरिया आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

जयपुर। महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओ.पी.बुनकर के साथ शुक्रवार को रामनगरिया के राजकीय विद्यालय स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने आंगनबाड़ी में संचालित रसोई घर, उसमें रखी पोषण सामग्री का अवलोकन किया और मुर्मूरे खा कर उसकी गुणवत्ता को जाँचा। उन्होंने सफाई और संचालन की दृष्टि से शौचालय का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने पोषण वाटिका का भी अवलोकन किया तथा आंगनबाड़ी में पेयजल और विद्युत कनेक्शन तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।

शासन सचिव सोनी और निदेशक बुनकर ने निरीक्षण के दौरान पूरक पोषाहार गुणवत्ता को स्वयं चैक किया। साथ ही वहां पर महिलाओं से भी फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं से उडान योजना का भी

फीडबैक लिया। उन्होंने महिलाओं से आंगनबाडी केंद्र से मिल रहे योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी ली। जिसमें पीएमएमवीवाई योजना के लाभार्थियों से वार्तालाप कर फीडबैक लिया। उन्होंने वहां उपस्थित महिला पर्यवेक्षक को निर्देश दिए कि पीएमएमवीवाई योजना के पात्र लाभार्थियों का वेरीफाई एवं एसओ अनुमोदन को प्राथमिकता के साथ करवाना सुनिश्चित करे। शासन सचिव सोनी और निदेशक बुनकर ने गर्भवती और धात्री माताओं तथा बच्चों के किये जाने वाले टीकाकरण और ममता कार्ड के बारे में जानकारी ली। उन्होंने राज्य में चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह के तहत संचलित गतिविधियों की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों से कविता सुनी और उनका उत्साहवर्धन किया।उन्होंने पोषण ट्रैकर पर वृद्धि निगरानी के अंतर्गत लंबाई/ऊंचाई मापन के यन्त्रों का व्यावहारिक अवलोकन किया।